हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 18 सितंबर 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



## खबर संक्षेप

### 31 दिनों तक रखा उपवास, भक्ति संध्या आज



दुर्ग। शहर के प्रतिष्ठि लोढ़ा परिवार के सदस्य लगन ने 31 दिनों का उपवास रखा है। मासक्षमण तप के उत्सव में उसने यह उपवास का प्रण लिया। वे सुनील और मधु लोढ़ा के पुत्र हैं। इस अवसर पर 18 सितम्बर को भक्ति संध्या का कार्यक्रम रखा गया है। वर्धमान हाईट्स गंजपारा में यह कार्यक्रम होगा, जिसमें लवेश हिमांशु बुरड़ इंदौर प्रस्तुति देंगे। रात 8 बजे से यह कार्यक्रम शुरू होगा। अगले दिन 19 सितंबर शुक्रवार को सुबह 8.30 बजे वरघोड़ा निकलेगा। यह शोभायात्रा ऋषभ नगर जिन मंदिर ऋषभ नगर से नवकार भवन स्थित प्रार्थना स्थल जाएगी। समाज के सुनील जैन ने बताया कि आयोजन में शामिल होने के लिए दुर्ग, भिलाई के अलावा आसपास के अन्य जिलों से भी जैन समाज के लोग पहुंच रहे हैं। इस उत्सव में गरीब, जरुरतमंदों को निशुल्क भोजन, वृद्धाश्रम में सेवाकार्य और गौठान में गौसेवा भी की जाएगी।

### मुस्कान मित्र फाउंडेशन के स्नेह सम्मेलन में हुई कई प्रतियोगिताएं

दुर्ग। मुस्कान मित्र फाउन्डेशन दुर्ग का वार्षिक स्नेह सम्मेलन वृदावन गाडन दुर्ग में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि महापौर अल्का बाघमार और विशेष अतिथि में सावित्री दमाहे, लोकेश्वरी ठाकुर थीं। इस अवसर पर व्यंजन प्रतियोगिता, एकल नृत्य, युगल नृत्य, समूह नृत्य सहित मिस्टर मुस्कान एवं मिसस मुस्कान स्पर्धा आयोजित की गई । निर्णायक अनामिका सेन, संगीता देवांगन मनीष कोठारी थे। एकल नृत्य महिला समूह में प्रथम रेणू पांडे, द्वितीय रितू ताम्रकार, एकल नृत्य पुरूष वर्ग में प्रथम कृष्णा नायक व द्वितीय हुकुम मानिकपुरी, युगल नृत्य में प्रथम कृष्णा नायक एवं श्वेता चन्द्रिकापुरे, समूह नृत्य में प्रथम कृष्णा एंड ग्रुप रहे।

### शहर में सफाई के लिए 2 हजार कर्मी लेकिन फील्ड पर संख्या कम, शिकायत

भिलाई। शहर की सफाई के लिए निगम क्षेत्र में 2 हजार से ज्यादा कर्मचारी हैं, लेकिन फील्ड पर गिनती के कर्मचारी नजर आते हैं। इसे लेकर आम आदमी पार्टी ने कलेक्टर से शिकायत कर मामले में जांच की मांग की है। सचिव मेहरबान सिंह और सिविल सोसाइटी से जसप्रीत सिंह ने बताया की भिलाई निगम में अधिकारियों तथा सफाई ठेका कंपनी द्वारा मिलकर फर्जी सफाई कर्मी दिखाकर पैसे निकाले जा रहे हैं। धोखाधड़ी की जा रही है। सफाई कर्मियों की सूची निजी जानकारी बताकर मामले को दबाने का प्रयास किया जा रही है। ठेका कंपनी अर्बन एनवायरनमेंट वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी के अंतर्गत कार्य करने वाले सफाई कर्मियों की सूची उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। जसप्रीत सिंह ने बताया की 70 वार्ड में जितने सफाई कर्मी कार्यरत दिखना चाहिए, उतने जमीनी स्तर पर नहीं हैं। 70 वार्डों में अगर इन 2000 सफाई कर्मियों को बांट दिया जाए तो हर एक वार्ड को 28 सफाई कर्मी मिलेंगे जबकि यह हकीकत से दूर है। उन्होंने मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### महिलाओं ने की माता महालक्ष्मी की पूजा-अर्चना

भिलाई। पितृ पक्ष की अष्टमी तिथि पर सिन्धी समाज का पौराणिक महालक्ष्मी पर्व साईं झूलेलाल धाम 32 एकड़ हाऊसिंग बोर्ड भिलाई में मनाया गया।इस दिन समाज की महिलायें अपने घर के सभी सदस्यों के हाथों में राधाष्टमी के दिन बांधे हुए रक्षा सूत्र को पितृ पक्ष की अष्टमी तिथि पर इस रक्षासूत्र सगड़े को खोला और सोरी मीठे पकवान में बांधकर घर के सदस्यों की संख्या के हिसाब से उतने दिये आरती की थाल में सजाकर झूलेलाल धाम में उपस्थित हुई। साथ ही सेवईं और अन्य मीठे पकवान बना कर इस पर्व पर माता महालक्ष्मी को भोग लगाया। कथा के समापन पर आदर्श सिंध ब्रादर मंडल एवं साईं झूलेलाल धाम महिला मंडली सहित समाज के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कृष्णानी, महिला मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी नागदेव ने वैश्विक आरोग्य और वैश्विक कल्याण की प्रार्थना माता महालक्ष्मी से की।

# इंदिरा मार्केट क्षेत्र में ठेले-खोमचों वालों की होगी लिस्टिंग, वसूला जाएगा शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दीपावली समेत आने वाले त्योहारी सीजन को देखते हुए शहर के सबसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्र इंदिरा मार्केट में बाजार व्यवस्था को लेकर महापौर अल्का बाघमार ने समीक्षा की।

महापौर अलका बाघमार ने आयुक्त सुमित अग्रवाल को निर्देशित किया कि वे तत्काल व्यवस्था सुधार की दिशा में काम करें।लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही ठेले-खोमचे और पसरा में दुकान लगाने वालों का व्यापार भी प्रभावित न हो। इसके बाद तय किया गया कि पसरा लगाने वालों को छह बाई छह फीट की जगह उपलब्ध कराई जाए। वहीं ठेले-खोमचे में दुकान लगाने वालों की लिस्टिंग कर उनसे शुल्क वसूला जाए। निरीक्षण के दौरान एमआईसी मेंबर और निगम के अधिकारी मौजूद थे। महापौर अलका बाघमार ने स्पष्ट कहा कि इंदिरा गांधी प्रतिमा क्षेत्र में यातायात बाधित न हो। इसके लिए पसरा लगाने वालों के लिए तय जगह की पेंट मार्किंग की जाए। हर दुकानदार को अपने-अपने दायरे में ही दुकान लगाने की अनुमति होगी। सीमा से बाहर दुकान फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## दीपावली के लिए पसरा लगाने वालों को मिलेगी छह बाई छह की जगह, महापौर ने दिए निर्देश

### यातायात और पार्किंग को लेकर सुधारी जाएगी व्यवस्था, होगी जांच

महापौर बाघमार ने साइकिल स्टैंड और उसके आस-पास पार्किंग बोर्ड व बैनर लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दीपावली सीजन में निगम कर्मचारी मौके पर तैनात रहेंगे, ताकि भीड़ के समय किसी भी वाहन को बाजार क्षेत्र में प्रवेश न दिया जाए और अव्यवस्था न फैले। इंदिरा मार्केट में ठेले-खोमचे वालों की लिस्टिंग कर शुल्क तय किया जाए। इससे जहां राजस्व प्राप्त होगा वहीं अव्यवस्थित तरीके से पसरा लगाने की प्रवृत्ति पर रोक लगेगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सड़क सीमा क्षेत्र से बाहर दुकान लगाने वालों पर जुर्माना किया जाएगा।



### व्यापारियों की शिकायत के बाद हरकत में आया दुर्ग निगम

बता दें कि व्यापारियों ने इस पूरे मामले को लेकर महापौर से शिकायत की थी। शिकायत में कहा गया कि पार्किंग में अनाप-शनाप वसूली हो रही है। सड़क पर खड़े वाहनों से भी पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा है। इसके बाद महापौर निगम अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंची। इस मौके पर एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, देव नारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, उपआयुक्त मोहेंद्र साहू, उपअभियंता उमयंती ठाकुर, अभ्युदय मिश्रा, राजू

## बस व हैवी वाहनों के लिए तैयार किए जा रहे वैकल्पिक मार्ग और पार्किंग स्थल

# 19 को जिले में वीवीआईपी मूवमेंट, ट्रैफिक पुलिस विशेष तैयारी में जुटी, नवरात्र को लेकर हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग जिले में 19 सितंबर को वीवीआईपी मूवमेंट के चलते यातायात पुलिस व्यवस्था बनाने के लिए विशेष तैयारी कर रही है। लोगों इस दौरान कोई असुविधा ना हो इसको देखते हुए विशेष रूट डायवर्सन और पार्किंग की योजना बनाई गई है।

इस दौरान विभिन्न जिलों से आने वाली बसों के लिए निर्धारित स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है, ताकि शहर के भीतर अनावश्यक जाम की स्थिति ना बने और नागरिकों को यातायात में किसी प्रकार की असुविधा ना हो। ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि दुर्ग जिले से लगी सीमाओं से आने वाली बसों एवं यात्री वाहनों की पार्किंग की अलग व्यवस्था की गई है। बालोद, अर्जुंदा, डोंगरगढ़, दल्लीराजहरा, धमतरी, राजनांदगांव एवं खैरागढ़ से आने वाली बसों के लिए रक्षित केन्द्र दुर्ग में पार्किंग व्यवस्था एवं बस नंबर के दौरान जीवन प्लाजा के सामने खड़ी होंगी। इसी तरह धमधा नाका, बायपास मार्ग से ग्रीन चौक की ओर आने वाले मार्ग से पहुंचने वाली बसे रायपुर, राजनांदगांव, धमधा, कवर्धा एवं बेमेतरा की ओर से आने वाली बसों के लिए ग्रीन चौक (बायपास मार्ग) पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

पाटन की ओर से आने वाली बसों के लिए समृद्धि बाजार के सामने, हॉकी मैदान में पार्किंग की व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त भारी वाहनों का शहर के भीतर प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसके लिए शहर की सीमाओं पर आवश्यक अवरोध एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है।

### इमरजेंसी के लिए ई-रिक्शा और आटो की व्यवस्था

इस दौरान किसी भी प्रकार की इमरजेंसी होने पर ई-रिक्शा और ऑटो की व्यवस्था की गई है। यातायात पुलिस ने अपील की है कि लोग निर्धारित मार्ग और पार्किंग योजना का पालन करें। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचने के लिए यातायात पुलिस द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन करें। सुरक्षित, सुचारू और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन को सहयोग प्रदान करना सभी की जिम्मेदारी है।

अलग खबर

## दुर्गोत्सव समितियों के आयोजकों की बुलाई गई बैठक, दिए गए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पुलिस कण्ट्रोल रूम भिलाई में दुर्गोत्सव समितियों के आयोजकों की आवश्यक बैठक बुलाई गई। बैठक में उन्हें समझाईश दी गई कि नियमानुसार अनुमति प्राप्त कर साउण्ड सिस्टम लगाएं और मानक आधार पर ही उसे बजाएं। बैठक में दुर्ग-भिलाई के 125 से ज्यादा आयोजकगण उपस्थित हुए।

22 सितंबर से नवरात्रि का पर्व शुरू हो रहा है। इसके लिए लोग जगह जगह दुर्गा प्रतिमा बैठाने के लिए पंडाल बनाना शुरू कर दिए हैं। इस आयोजन के देखते हुए दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस कंट्रोल रूम में सभी दुर्गा समिति आयोजकों की बैठक बुलाई गई। बैठक में एएसपी सुखनंदन राठौर ने दुर्गोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष व सदस्यों को आयोजन को लेकर गाइडलाइन के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि सभी समिति संचालकों को एसडीएम से अनुमति के बाद ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करना है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक किसी भी स्थिति में ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग नहीं करना है।



### इन नियमों का करना होगा पालन

- डीजे का उपयोग नहीं करना है।
- पंडाल व वाहन पार्किंग स्थल पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा लगाना है।
- प्रतिमा व पंडाल की सुरक्षा की सम्पूर्ण जवाबदारी आयोजन समिति को लेना है।
- पंडाल में अनिवार्य रूप से वालेंटियर को रखना है और प्रत्येक वालेण्टियर का पुलिस वेरीफिकेशन कराना है।
- आयोजन समिति के अध्यक्ष और सदस्य सहित वालेंटियर की सूची संबंधित थाना चौकी में देना है।
- पृथक से वाहन पार्किंग की व्यवस्था करना है। पार्किंग शुल्क नहीं लिया जाना है। इसकी शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
- झांकी देखने आने वाले श्रद्धालुओं में महिला, पुरुष और बच्चों के इंट्री और एग्जिट दोनों अलग अलग रखना है।
- सांस्कृतिक कार्यक्रम की सूचना 1 दिन पहले संबंधित थाना-चौकी को देना है।
- आयोजन के दौरान यह ध्यान देना है कि उससे किसी व्यक्ति विशेष, समुदाय, जाति, धर्म की भावना को ठेस ना पहुंचे।

## आरटीओ में दलालों का बोलबाला युवा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को आरटीओ दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रशासनिक अधिकारियों पर जमकर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि 25 अगस्त को जनदर्शन में आरटीओ द्वारा अवैध उगाही और प्रति लाइसेंसी लगभग 1500 से 2000 रुपए अधिक लेकर बिना टेस्टिंग के लाइसेंस जारी किए जाने की शिकायत की गई थी। मामले में दोषी अधिकारियों पर एफआईआर की मांग की गई थी, लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया।

- 1500 से 2 हजार रुपए लेकर बिना टेस्टिंग के भी लाइसेंस जारी करने का लगाया आरोप

इसे लेकर कार्यकर्ता मंगलवार की दोपहर आरटीओ दफ्तर पहुंचे। गेट के बाहर कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए पुनः ज्ञापन सौंपा। निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। नायब तहसीलदार ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने साक्ष्य के रूप में 5 दिन की वीडियोग्राफी पेन ड्राइव के माध्यम से तहसीलदार को उपलब्ध कराई। इस दौरान आरटीओ में दलालों की सक्रियता पर भी सवाल उठाए।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि दफ्तर के बाहर दलालों का जमघट लगा हुआ है। दफ्तर के अंदर भी दलाल सक्रिय हैं। वे खुद फाइल लाना लेजाना कर रहे हैं। जिला महासचिव दीपांकर साहू ने कहा कि 7 दिन के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर और भी अधिक उग्र आंदोलन किया जाएगा। अध्यक्ष जयंत देशमुख के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान अनिल देशमुख, गोपी,निर्मलकर, यशवंत देशमुख, हेमंत साहू, पंकज सिंग, आशीष वर्मा, गोली वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## भारत स्काउट गाइड शिविर में 58 यूनिट रक्तदान

हरिभूमि न्यूज. बारगांव/बेमेतरा

जिला स्तरीय रोवर रेंजर युथ फोरम का पांच दिवसीय शिविर 12 से 16 सितंबर तक गोड़गिरी में आयोजित किया गया। शिविरार्थियों को अनुशासन, सत्य, कर्तव्यनिष्ठा, देशभक्ति, सहयोग और वसुधैव कुटुम्बकम् के सिद्धांतों पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। छत्तीसगढ़ शासन के यातायात विभाग बेमेतरा ने बच्चों को साइबर अपराध और सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास विभाग ने बालिका सुरक्षा, नशा तस्करी, बाल विवाह और बालिकाओं के लिए संचालित योजनाओं के विषय में मार्गदर्शन किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अनिता रावटे ने महिला और बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में बताया।

- जिला स्तरीय रोवर रेंजर युथ फोरम ने पांच दिवसीय शिविर का आयोजन किया



शिविर में बच्चों के शैक्षिक और सांस्कृतिक विकास के लिए लोकनृत्य, वाद-विवाद, निबंध लेखन, पेंटिंग, तात्कालिक भाषण और रंगोली जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शिविर संचालक अमित क्षत्री, जिला संगठन आयुक्त फणेन्द्र लोधी और संयोजक डॉ. ए. के. भारद्वाज के नेतृत्व में, स्काउटर, गाइडर और ग्रामीणों ने मिलकर 58 यूनिट रक्तदान किया। सहायक संचालक अनुज राम साहू, विकास खंड सचिव बेरला गौकरण पाटिल, स्काउटर डॉ. धर्मेन्द्र वर्मा, हारून अली, दौलत राम साहू सहित अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे। विशेष रूप से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव के वरिष्ठ व्याख्याता दौलत राम साहू द्वारा रक्तदान पर प्राचार्य तिक्षण साहू, देवधर कुमार देवांगन, श्याम सिंह, हिमाचल साहू, संजय बंछोर, महेश बांधे और अन्य शिक्षकों ने उन्हें सम्मानित किया।

# शासकीय पॉलीटेक्निक में धूमधाम से मनाई विश्वकर्मा जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला



नगर बेरला के शासकीय पॉलीटेक्निक में आज विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान के सभी कार्यालयीन अधिकारी, कर्मचारी, विभिन्न इंजीनियरिंग विभागों के विभागाध्यक्ष और व्याख्याता गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्थापना विभाग प्रभारी डॉ. दीक्षा तिवारी ने मंच संचालन के साथ की। इस अवसर पर संस्थान के डॉ. जेएस बल एवं डॉ. टीवी दीक्षित मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही कार्यशाला विभाग प्रभारी दिव्यांश चंद्रवंशी, प्रीमेद्र कुमार, आकांक्षा शुक्ला, छत्रपाल डड़सेना, दानेश्वर ताम्रकार, रामकुमार साहू एवं समस्त स्टाफ ने मिलकर भगवान विश्वकर्मा की आरती और पूजा संपन्न कराई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और स्टाफ के लिए दोपहर का भोजन भी संस्थान द्वारा व्यवस्थित किया गया। इस अवसर पर गौरव गुप्ता, सिविल विभाग के व्याख्याता, ने छत्तीसगढ़ी मधुर गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विशेष रूप से इस अवसर पर विनय साहू, एसडीओपी बेरला और बेरला थाना प्रभारी कृष्ण कांत सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के विषय में जानकारी दी और ऑनलाइन फ्रॉड से बचने तथा सतर्क रहने के महत्वपूर्ण उपाय बताए।

### नवमी की छात्राओं को मिली साइकिल

भिलाई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैम्प-1 में नवमी कक्षा की 30 छात्राओं को मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत साइकिलें वितरित की गईं।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला जिला बेमेतरा छ.ग.

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय पाल सिंह पिता समय सिंह निवासी कटचसी सराय दिल्ली द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम नारधी प.ह.न. 05 तहसील बेरला जिला बेमेतरा छ.ग. में स्थित खसरा नं 134/1, 134/2, 134/3 रकबा क्रमशः 0.20, 0.20 0.30 हे कुल खसरा नं. 03 कुल रकबा 0.70 हे भूमि जो की आवेदक के भूमिस्वामी हक में दर्ज जिसे आवेदक औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति का संस्था उजर-दावा हो तो दिनांक 25/09/2025 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5:00 बजे तक दावा आपत्ति पेश कर सकते है। तथा समय पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी(रा.)
बेरला, जिला-बेमेतरा

## पेज 11 के शेष

### वोट चोर गद्दी छोड़ ...

चाहते हैं। उन्होंने कहा कि खाद, बीज, पानी और बिजली से कोई मतलब नहीं है। इसलिए इस सरकार को भी बदलना है पर सबसे पहले लोकतंत्र की रक्षा करना है उन्होंने आज हमें चिंता इस बात की है कि जो व्यवस्था कांग्रेस ने निर्मित की थी उस व्यवस्था को जानबूझकर कमजोर किया जा रहा है। हमारी संवैधानिक संस्थाओं में सबसे महत्वपूर्ण कुर्सी मुख्य निर्वाचन आयुक्त की है। पहले मुख्य चुनाव आयुक्त का चयन प्रधानमंत्री, प्रतिपक्ष नेता और चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया तीन लोगों की कमेटी मिलकर करती थी। लेकिन मोदीजी की सरकार आने के बाद यह व्यवस्था बदल दी गई और चीफ जस्टिस को हटाकर उनकी जगह पर गृहमंत्री को बिठा दिया गया।

अब दो-एक के बहुमत से जिसे चाहो मुख्य चुनाव आयुक्त बना दो। वह बदलाव किसलिए किया गया है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि केंद्र की सरकार अपने मित्र उद्योगपतियों का कर्ज माफ लाखों करोड़ों रुपए माफ कर सकती है, पर कांग्रेस की सरकार ने जब 72000 करोड रुपए का कर्ज माफ किया था, तो इसका विरोध किया था। 135 साल पुरानी कांग्रेस की सरकार जहां सभी वर्गों के विकास की बात करती है तो भाजपा की सरकार धर्म और संप्रदाय में उलझा कर राजनीति करना सिखाती है। हमारे देश के नेता प्रतिपक्ष जब वोट चोरी के प्रमाण देते हैं तो भाजपा के नेता बद बगले झांकने के लिए मजबूर हो रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को उत्साहित करते हुए कहा कि इस तरह के हालात से अभी हमें 3 साल गुजरना है और इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि 3 साल बाद केवल छत्तीसगढ़ में ही नहीं बल्कि मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी कांग्रेस की सरकार बनेगी।

### कलेक्टोरेट में कर्मचारियों ...

नहीं छोड़ रहे। मौखिक आदेश के बिना अटैचमेंट करना और बिना पत्र आदेश के कहीं भेजना भी अब जांच का विषय बन गया है।

### कन्या महाविद्यालय में हुआ ...

नायक, विनेश्वर जायसवाल और जीवन रेखा फाउंडेशन की मिकेश माणिकपुरी और महेश चतुर्वेदी ने एचआईवी-एड्स पर वैज्ञानिक तथ्यों और सावधानियों पर छात्राओं को मार्गदर्शन दिया। प्राचार्य डॉ. विनिता गौतम ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए छात्राओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

### मोदी के जन्म दिवस पर साजा ...

ठाकुर,संयोजक ज्वाला सिंह ठाकुर,सहसंयोजक मनोहर साहू,महामंत्री लेखपाल यद्दु, अरुण वर्मा,मंडल उपाध्यक्ष पुरन लाल साहू, बिशरू राम साहू, श्रीमती पार्वती वर्मा नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु,उपाध्यक्ष श्रीमती प्रेरणा सौर्यजीत सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र साहू,जनपद पंचायत साजा विधायक प्रतिनिधि नेतराम साहू, पार्षद दुर्गा गोयल, कमल ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## सुपेला कोसानगर ब्लॉक के अध्यक्ष के लिए 12 नेताओं ने की दावेदारी

भिलाई। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर संयुक्त महामंत्री शशि भूषण गौतम ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुपेला कोसा नगर भिलाई के नए अध्यक्ष चयन करने के साथ संगठन सृजन कार्यक्रम कार्यक्रम के अंतर्गत कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक कोहका स्थित सिन्हा भवन में ली। बैठक में अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, महापौर नीरज पाल, पूर्व राज्यमंत्री बीडी कुरैशी, बंटी गिरवर साहू उपस्थित थे। शशि भूषण ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश में आजादी दिलाने वाली पार्टी है। पार्टी की विचारधारा वाले व्यक्ति और पार्टी के लिए काम करने वाले श्रेष्ठ का चयन होगा। बैठक में एआईसीसी पूर्व महामंत्री अरुण सिसोदिया, अतुल साहू, राजेश मिश्रा, एमआईसी मेंबर संदीप निरंकारी, केशव चौबे, लालचंद वर्मा, चंद्रशेखर गंवई, नेहा साहू, ब्लॉक संगठन प्रभारी दीपक भाटिया, चवनराम साहू, अध्यक्ष नंदकुमार कश्यप, कार्यकारी अध्यक्ष मो रफ़ीक़, आनंद डोंगरे सहित अन्य मौजूद थे। बैठक में 18 सितंबर को होने वाले वोट चोर गद्दी छोड़ यात्रा के संबंध में चर्चा की गई।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 18 सितंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

पीएम के जन्म दिन पर शहर में रोपे गए पौधे 14



19 को जिले में वीवीआईपी मूवमेंट, ट्रैफिक ... 12



## खबर संक्षेप

### भगवान विश्वकर्मा की हुई पूजा-अर्चना



**बेमेतरा/थान खम्हरिया।** बुधवार को शिल्प और वास्तुकला के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर नगर एवं ग्रामीण अंचलों में धूमधाम से मनाई गई। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 6 स्थित मंदिर में राजमिस्त्रियों ने मंत्रोच्चार और विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया। इसी अवसर पर आटो, इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रिकल, लेथ वर्कर, सायकिल स्टोर, राइस मिल, हलर और आरमिल सहित विभिन्न कारीगरों ने अपने प्रतिष्ठानों तथा निजी घरों में भगवान विश्वकर्मा की तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पूरे आस्था के साथ पूजा-अर्चना की। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि शिल्पकारों ने अपने-अपने औजार साफ-सुथरे रखकर उन्हें भगवान के समक्ष रख पूजा की और वर्ष भर विपत्तियों से दूर रहने की कामना की। कुछ स्थानों पर विश्वकर्मा की प्रतिमा भी स्थापित की गई, जहां राजमिस्त्रियों ने रामायण पाठ का आयोजन किया और संध्या में प्रतिमा का विसर्जन भी किया गया।

### बच्चों का नेत्र परीक्षण हुआ और आंखों की सुरक्षा पर दिया जोर दिया



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला लालपुर में बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ के निर्देशानुसार बच्चों का नेत्र परीक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटई के नेत्र सहायक अजीत कुमार कुर्रे ने सभी छात्रों की आंखों की जांच की और उन्हें आंखों की देखभाल तथा बीमारियों से बचाव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। नेत्र सहायक ने बच्चों को बताया कि आंखों की बीमारियों से बचने के लिए अपने हाथ हमेशा साफ रखें। धूप की हानिकारक किरणों से बचाव के लिए धूप का चश्मा पहनें, आंखों को धूल, धुआं और तेज रोशनी से सुरक्षित रखें। संतुलित आहार लें और पर्याप्त पोषक तत्व खाएं। धूम्रपान से बचें, आंखों की नियमित जांच कराएं और सुरक्षा के लिए सुरक्षात्मक चश्मे का प्रयोग करें। संक्रमण से बचाव के लिए दूसरों के साथ चश्मे, तौलिया या आई मेकअप साझा न करने की सलाह भी दी गई। नेत्र परीक्षण के दौरान स्कूल स्टॉफ संकुल समन्वयक सतीश कुमार कुर्रे, प्रधानपाठक रामायण मनहरे, शिक्षक बृजपाल सिंह डाहिरे, घनश्याम प्रसाद साहू, मोतीराम पात्रे और शान्त कुमार पटेल उपस्थित रहे।

# एनएचएम कर्मचारियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, राज्यपाल से सामूहिक इच्छा मृत्यु की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम ने नियमितीकरण, ग्रेड-पे, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, 27% लंबित वेतन वृद्धि सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों का आंदोलन को 31वें दिन भी जारी रहा। जिले के लगभग 400 एनएचएम कर्मचारी रैली निकालते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और महामहिम राज्यपाल रमेन डेका के नाम सामूहिक इच्छा मृत्यु संबंधी ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर प्रीतम चौहान एवं राजाराम लहरे को सौंपा।

**कर्मचारियों का आक्रोशः** संघ के जिलाध्यक्ष पूरन दास ने कहा कि शासन द्वारा कर्मचारियों को बर्खास्तगी की चेतावनी एवं नौकरी से निकालने के पत्र जारी किए गए है लेकिन अब तक किसी ने भी काम पर वापसी नहीं की। उन्होंने कहा कि 20 वर्षों से हम बिना नियमितीकरण, संविलियन, ग्रेड-पे और सामाजिक सुरक्षा के कार्य कर रहे है। कोरोना काल में हमने अपनी जान जोखिम में डालकर सेवाएं दीं, लेकिन आज जब हम अपने अधिकार की मांग कर रहे हैं तो शासन हमें दबाने का प्रयास कर रहा है। संघ के जिला प्रवक्ता बृजेश दुबे ने स्वास्थ्य सेवाओं में आ रही असुविधा के लिए आम जनता से खेद व्यक्त किया। जब तक नियमितीकरण, संविलियन, ग्रेड-पे सहित 10 मांगो में लिखित आदेश नहीं आ जाता आंदोलन जारी रहेंगा। इस धरना प्रदर्शन में उपस्थित डॉ. अभिषेक यादव, सुमित मिश्रा, तृप्ति दुबे, डोमन यादव, भारतीय यादव, कुसुम पटेल, जितेंद्र लहरे, दामनी पटेल, हेमलता कुर्रे, संध्या साहू, सुशीला साहू, रुखमी यादव, मनीष शर्मा, धनेश्वर साहू, दिनेश गंगबेर, देवेन्द्र जयसवाल, अमर वर्मा, राजकमल ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में एनएचएम कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक महीने से बैठे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर कोई सुध नही



### आगे की रणनीति

कर्मचारियों ने बताया कि कल बेमेतरा के 400 सहित प्रदेशभर के 16,000 से अधिक एनएचएम कर्मचारी आक्रोश में जेल भरो आंदोलन करेंगे। यदि सरकार शीघ्र लिखित निर्णय नहीं लेती है तो आंदोलन और उग्र होगा।जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन की होगी। कर्मचारियों ने कहा कि मध्यप्रदेश और मणिपुर में नियमितीकरण, संविलियन और ग्रेड पे सहित कई सुविधाएँ पहले ही दी जा चुकी है। फिर छत्तीसगढ़ में यह अधिकार क्यों नहीं दिया जा रहा? उन्होंने भाजपा सरकार को स्मरण कराया कि "मोदी की गारंटी" और घोषणा पत्र में 100 दिनों के भीतर समस्या समाधान का वादा किया गया था, लेकिन सरकार बने 20 माह से अधिक हो चुके हैं और अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ है।

## सियासत

# वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान में गरजे सचिन पायलट

कहा- सरकार को मतदाताओं की चिंता नहीं, क्योंकि सरकार वोट चोरी कर बनाई गई है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान तहत कांग्रेस ने मोदी सरकार और निर्वाचन आयोग पर जमकर हमला बोला। कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव एवं छग प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने बेमेतरा जिला मुख्यालय स्थित मंडी परिसर स्थित मंच से पीएम नरेन्द्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह को चुनौती देते हुए कहा कि पिछले 11 सालों में कितने भाजपा नेताओं के यहां छापे मारे बताएं। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि देश में एक ही पार्टी का राज रहे और एक ही पार्टी की विचारधारा हावी रहे। इस अभियान का नेतृत्व कर रहे छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि एक व्यक्ति एक वोट देने का अधिकार सभी के पास है और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पर भी हमला बोलते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ की सरकार बने पौने दो साल हो गए। क्या-क्या वादे किए थे। एक लाख लोगों को रोजगार देंगे, 500 रुपए में गैस सिलेंडर देंगे। में नई सरकार से पूछना चाहता हूं कि 10463 स्कूलों को बंद कर दिए और लोगों को सड़कों पर ले आए। सरकार डबल इंजन की बनाना चाहते हैं और वादा खिलाफी करना ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ सरकार 2 साल में ही फेल हो जाएगी यह कल्पना किसी ने नहीं की



### पूर्व मंत्रियों ने भी किया संबोधित

इससे पहले कार्यक्रम को प्रदेश की पूर्व मंत्री में से मुख्य रूप से रविंद्र चौबे शिव डहरिया प्रेम सिंह टेकाम जयसिंह अग्रवाल विकास उपाध्याय मोहम्मद अकबर ने भी संबोधित किया और सभी ने अपने संबोधन में सरकार पर निशाना बनाते हुए कहा कि जिस तरह से मतदाताओं के मौलिक अधिकार मतदान को नजरअंदाज कर वोट की चोरी की जा रही है वह निश्चित रूप से सरकार की नाकामी को बता रही है सरकार की नाकामी के साथ-साथ मतदाताओं के हक की चोरी कर अपनी सरकार बना बैठे जिन्हें हमें आने वाले दिनों में बेनकाब करना है और हर मतदाताओं को अपने मतदान के अधिकार के प्रति हमें जागरुक भी करना। इसके पूर्व कार्यक्रम स्थल पर आने से पहले युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुराना बस स्टैंड चौक पर बड़े ही गर्म जोशी से स्वागत किया जिसे मुख्य रूप से ललित विश्वकर्मा, प्रांजल तिवारी, ऋतिक तिवारी, राजा चौबे सहित अन्य युवक कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किया गया तथा युवक कांग्रेस की कार्यकर्ताओं की जोशीले नारों के काफिले के साथ कांग्रेस से कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल मंडी स्थल पर पहुंचे जहां पर कार्यक्रम का संचालन कर रहे बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा सहित स्थानीय कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया हालांकि स्वागत की कड़ी कार्यक्रम विलंब होने के चलते संक्षिप्त रूप से रहा।

### बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल रहा, कर्मचारी हड़ताल में बैठे : बैज

कार्यक्रम को प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने भी अपने के परिचित जोशीले अंदाज में संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रदेश की हालत किसी से छिपी नहीं है। बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल रहा है कर्मचारी हड़ताल में बैठे हैं और किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा है बिजली के बिल के हालात आज किसी से छिपी नहीं नहीं है किसान परेशान है बेरोजगार हताश है किंतु इन सभी बातों को लेकर हमें 3 साल तक सड़क तक की लड़ाई लड़नी है और हमें इसके लिए मानसिक रूप से तैयार करना होगा लोगों को विश्वास में लेना होगा इसके साथ ही साथ वोट की चोरी पर भी नजर रखनी होगी।

**नारेबाजी के साथ कार्यकर्ताओं ने भूपेश का स्वागत कियाः** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लोकप्रियता आज कार्यक्रम स्थल में भी देखने को मिला, जहां पर जब अपने संबोधन के लिए पहुंचे तो कार्यकर्ताओं ने उत्साह होकर नारेबाजी करते रहे जिसका ही परिणाम रहा कि भूपेश बघेल ने अपने चिर परिचित अंदाज में कहा कि वास्तव में आज लोग कितने परेशान है। इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 4 घंटे विलंब होने के बाद भी जिस तरह से भीड़ और उत्साह देखने को मिल रहा है। यह सरकार की नाकामी को बता रही है सरकार सिर्फ वोट की चोरी नहीं कर रही है, बल्कि किसानों की यूरिया डीएपी बिजली सभी की चोरी कर रही है और सरकार को आम लोगों की परवाह इसलिए नहीं रह गई है क्योंकि उनकी सरकार मतदाताओं की वोट से नहीं बल्कि वोट की चोरी करने से बनती है।

# बोर्ड ऑफ विजिटर्स ने किया जिला जेल का संयुक्त निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

उच्चतम न्यायालय के निर्णय के अनुपालन में गठित बोर्ड ऑफ विजिटर्स ने जिला जेल बेमेतरा का संयुक्त निरीक्षण किया। टीम के अध्यक्ष बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रहे। टीम में कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी शामिल थे। निरीक्षण के दौरान जेल के भोजनालय, अस्पताल और प्रत्येक बैरक का जायजा लिया गया। बंदियों से शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन, मनोरंजन, स्वच्छता, सुरक्षा और अनुशासन संबंधी चर्चा की गई। बंदियों ने जेल में किसी भी प्रकार का जातिगत भेदभाव न होने की जानकारी दी।

अध्यक्ष बृजेन्द्र कुमार शास्त्री ने सभी कैदियों को समय पर उचित विधिक सेवाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने जेल की व्यवस्थाओं को मानवीय और सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। टीम ने निर्माणाधीन खुली जेल का भी निरीक्षण किया।

# कलेक्टोरेट में कर्मचारियों ने सरकारी नियम को दिखाया ठेंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला कलेक्टर कार्यालय परिसर में अधिकारी और कर्मचारी अब मानक समय का उल्लंघन करने लगे हैं। सोमवार को सुबह 9.30 से 11.30 बजे तक जब कार्यालय का हाल देखा गया, तो कई अधिकारी और कर्मचारी अपनी मनमानी ढंग से कार्यालय पहुंचे। कुछ अधिकारी फील्ड में चले गए, तो कुछ निजी कार्यों का हवाला देकर कार्यालय आने में देरी कर रहे थे। विशेष रूप से खेल और युवा कल्याण विभाग सवालों के घेरे में है। सोमवार को कार्यालय नियत समय 10 बजे खुलना था, लेकिन यह लगभग 10.45 बजे खोला गया। इस दौरान कार्यालय पर पहुंचे लोग ताले देखकर बाहर इंतजार करते रहे, जबकि कुछ लोग मजबूरी में वापस लौट गए। विभाग के सहायक अधिकारी उपेंद्र सेंगर ने बताया कि वे बैंक कार्य के लिए गए थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग में रोजाना यही स्थिति रहती है। कार्यालय अक्सर देर से खुलता है और अधिकारी मनमाने ढंग से समय से पहले भी चले जाते हैं।

■ दफ्तर में 10 की बजाय 11 बजे तक पहुंच रहे

### जांच और कार्रवाई की मांग

आम नागरिकों ने सवाल उठाया है कि अगर जनता लापरवाही करे तो कड़ी कार्रवाई होती है, लेकिन क्या अब प्रशासन अपने ही अधिकारियों-कर्मचारियों पर कार्रवाई करेगा? लोगों ने मांग की है कि विभाग में समय पालन और अनुशासन सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

**अटैचमेंट खत्म होने के बाद भी कुर्सी नहीं छोड़ीः** सूत्रों के अनुसार, शिक्षक से अटैचमेंट के माध्यम से खेल विभाग में पदस्थ कुछ कर्मचारी अब भी दो-दो जगह अपनी अतिरिक्त ड्यूटी निभा रहे हैं। अटैचमेंट हटाने के बावजूद वे अपनी कुर्सी ▶▶| शेष पेज 12 पर

# मानाबंद तालाब बदहाली का शिकार, सफाई का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नवागढ़ का ऐतिहासिक मानाबंद तालाब, जो कभी नगर की शान हुआ करता था, अब अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। राजा नरवर साय के शासनकाल में निर्मित यह तालाब, जो महामाया मंदिर के सामने स्थित है, आज इतना गंदा हो चुका है कि पास खड़े होना भी मुश्किल है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह तालाब सिर्फ पानी का स्रोत नहीं था, बल्कि नगरवासियों के लिए मनोरंजन और जीवन का हिस्सा था। दुखद बात यह है कि भरी बरसात में भी इसका जलस्तर लगातार घट रहा है, जिसे विशेषज्ञ गहरी सफाई और निकासी व्यवस्था की कमी का परिणाम मानते हैं। यह तालाब नगर की आधी आबादी के लिए निस्तारी और रोज़मर्रा की जरूरतों का साधन रहा है। वार्ड 01, 03, 04, 05, 06 और 07 सहित कई मोहल्ले इस पर निर्भर हैं। साथ ही, यह तालाब दुर्गा-गणेश विसर्जन, भोजली, गंगा आरती और अन्य धार्मिक आयोजनों का भी केंद्र है। नगर पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत चौहान ने इस समस्या के लिए पूर्व प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि अब उनकी प्राथमिकता इसकी सफाई और सौंदर्यीकरण है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही सफाई की योजना शुरू की जाएगी। हालांकि, नगरवासियों का मानना है कि केवल प्रशासन के प्रयास ही काफी नहीं हैं, बल्कि लोगों की जागरूकता और सहयोग भी जरूरी है ताकि तालाब अपनी पुरानी गरिमा वापस पा सके।

■ भरे बरसात में घटता जलस्तर, जलकुंभी और गंदगी ने कब्जा जमा लिया



# कन्या महाविद्यालय में हुआ एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम

**बेमेतरा।** लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय में रजत जयंती पर जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम, रेड रिबन क्लब, रेड क्रॉस, जिला चिकित्सालय एवं जीवन रेखा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी-एड्स और सिफलिश पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को एचआईवी-एड्स के कारण, बचाव उपाय और भ्रांतियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ. चंद्रप्रकाश और प्राचार्य डॉ. विनिता गौतम ने सहयोग किया। उपस्थित छात्राओं, प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने प्रभावित लोगों के प्रति भेदभाव समाप्त करने की शपथ ली। जानकारी हेतु टोल-फ्री नंबर 1097 का उपयोग करने की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के संजय तिवारी, पुरानिक ▶▶| शेष पेज 12 पर

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सफाई कर्मियों के साथ मिलकर चलाया स्वच्छता अभियान

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर थान खम्हरिया नगर के समीप चंडी धाम करमू में सेवा पखवाड़ा अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के तहत चंडी धाम और कुटी धाम मंदिर परिसर की सफाई का कार्य किया गया। इस अवसर पर साजा विधायक ईश्वर साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, सेवा पखवाड़ा प्रभारी बलराम सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष केशव पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि चंदन अग्रवाल, भाजपा नेता राजेश ठाकुर, अनिल सिंघानिया सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं और नगर पंचायत के सफाई कर्मियों ने मिलकर जगह-जगह पड़े कचरे को एकत्र कर, कचरा वाहन में डालकर निर्धारित स्थान पर पहुंचाया। साजा विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान में स्वच्छता, पौधारोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच और जनजागरूकता कार्यक्रम शामिल होंगे। उनका कहना था कि इसका मुख्य उद्देश्य जनता को सामाजिक और स्वच्छता से जोड़ना है। गांधी जयंती तक चले इस अभियान के माध्यम से जिलेभर में सेवा और जनभागीदारी का संदेश पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि राजनीति का असली उद्देश्य केवल सत्ता पाना नहीं है, बल्कि समाज सेवा के माध्यम से जनता के जीवन को सशक्त और बेहतर बनाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपना जीवन देश सेवा के लिए समर्पित किया है। सेवा पखवाड़ा प्रभारी बलराम सिंह पटेल और पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सेवा और समाज के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया। अध्यक्षीय तौर पर मंडल अध्यक्ष केशव पटेल, महामंत्री घनश्याम सिंह ठाकुर, नगर पंचायत सीएमओ सतीश यादव, पार्षद मनीष रात्रे, सूरज पाल, टीकम अग्रवाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

■ चंडी धाम में सफाई अभियान के साथ सेवा पखवाड़ा शुरूवात



### मोदी के जन्म दिवस पर साजा मंडल का स्वच्छता अभियान

**बेमेतरा-साजा।** साजा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर भाजपा साजा मंडल द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नगर के अटल परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विधायक ईश्वर साहू ने स्वयं परिसर में साफ–सफाई कर अभियान की शुरुआत की और सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं को स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि "स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि जीवन जीने की आदत होनी चाहिए। यदि हम सभी व्यक्तिगत और सामाजिक स्तर पर स्वच्छता को अपनाएंगे तो निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का स्वच्छ भारत का सपना साकार होगा।"इस अवसर पर भाजपा संगठन और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही विधायक , ईश्वर साहू मंडल अध्यक्ष बुलाक सिंह साहू,सेवा पखवाड़ा मंडल प्रभारी रोहित सिंह ▶▶| शेष पेज 12 पर

# चार साल से लाखों का मंच निर्माण अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

जनपद पंचायत बेरला के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत जामगांव में चार साल से मंच निर्माण अधूरा पड़ा होने से ग्रामीणों ने सवाल खड़े किए हैं। ग्राम पंचायत जामगांव में लगभग वर्ष 2021-22 में स्वीकृत सांस्कृतिक मंच निर्माण शुरू हुआ था। इसकी नींव व कलाम खड़ा कर रखे है, जो आज भगवान भरोसे निर्माण की उम्मीद ग्रामीण लगा रहे हैं। लाखों की स्वीकृति के बाद भी कहां कमी हो गई, जिसके कारण कार्य में रुकावट आ गई है। इससे स्थानीय ग्रामीणों में सवाल खड़ा हो रहे हैं कि चार साल पहले निर्माण शुरू होने के बाद निर्माण कार्य क्यों रुक गया है। वहीं कलाम की नींव खड़ी है लेकिन इससे कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि मंच निर्माण में कार्य एजेंसी द्वारा राशि का गबन कर दिया है या फिर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। इससे संबंधित इंजीनियर भी इस ओर ध्यान न देना बड़ी सवाल बन गए हैं। स्थानीय ग्रामीण का कहना है कि इस भ्रष्टाचार में विभागीय अधिकारी की संलिप्तता भी शामिल होंगे। जिसके कारण से आज चार साल बीत जाने के बाद भी कोई जांच व कार्रवाई ही नहीं हुई है। शासन प्रशासन द्वारा स्वीकृत राशियों व मांग को खुलेआम दोहन कर राशि करने का खेल खेला जा रहा है। इस मामले पर ग्रामीण जांच व कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

सरपंच मनहरण राम साहू ने बताया कि पूर्व की सरपंच चंद्रिका साहू के कार्यकाल के निर्माण कार्य है। इस मामले पर जब भी उन्हें बोला गया, उनके द्वारा जवाब में आज कल करके बोल देते हैं, लेकिन उनके आज कल कभी नहीं आते। इस प्रकार से बोल कर दिन ब दिन टाल दिया जाता है।

■ इंजीनियर व कार्य एजेंसी पर उठे सवाल



## खबर संक्षेप



### स्वामी आत्मानंद स्कूल में हिंदी दिवस पखवाड़ा समारोह मनाया

**बेमेतरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में 16 सितंबर को हिंदी दिवस पखवाड़ा के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हिंदी विषय के सेवा निवृत्त व्याख्याता योगाचार्य दिलहरण प्रसाद तिवारी ने हिंदी भाषा के महत्व और विश्व स्तर पर सम्मान दिलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने मैथिलीशरण गुप्त की कविता के माध्यम से हिंदी की महिमा का गुणगान किया। संस्था की प्राचार्य कविता बाचपेयी ने विद्यार्थियों से हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करने की प्रेरणा दी। हिंदी विषय के व्याख्याता सुनील कुमार झा और प्रमोद ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रभाषा ही नागरिकों को जोड़ती है और राष्ट्रीय एकता के लिए महत्वपूर्ण है। वरिष्ठ शिक्षक संतोष मिश्रा ने हिंदी प्रचार-प्रसार के लिए समन्वित प्रयास करने की बात कही। इस अवसर पर छात्राओं ने भाषण, कविता और पोस्टरों के माध्यम से हिंदी भाषा के प्रति अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन योगेंद्र वर्मा ने किया। विद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थीगण भी उपस्थित रहे।

### शशि ठाकुर बनीं परियोजना अध्यक्ष



**नवागढ।** महिला बाल विकास विभाग जिला बेमेतरा की अध्यक्ष विद्या जैन और उपाध्यक्ष प्रभा दुबे की उपस्थिति में रविवार को नांदघाट परियोजना कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी सेक्टरों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाएँ मौजूद रहीं। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। परियोजना अध्यक्ष का दायित्व शशि ठाकुर और सचिव का दायित्व पुष्पा क्षेत्रीय को सौंपा गया। वहीं सेक्टर स्तर पर अमरिका साहू (नांदघाट), श्रद्धा वर्मा (कूरां), खुशबू नौरंगे (मारो) और माहेश्वरी राजपूत (पुटपुरा) को अध्यक्ष चुना गया। चयनित पदाधिकारियों ने महिला और बाल विकास के क्षेत्र में सक्रियता से कार्य करने का संकल्प लिया।

### बरगा स्कूल में पालक-शिक्षक बैठक सम्पन्न



**बेमेतरा/थानखम्हरिया।** शासकीय प्राथमिक शाला बरगा में आज द्वितीय मेगा पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बैठक का शुभारंभ संस्था प्रमुख द्वारा शिक्षा के उद्देश्य एवं इस बैठक के एजेंडा की प्रस्तुति के साथ किया गया। बैठक में तिमाही परीक्षा परिणामों की समीक्षा करते हुए कक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक ने पालकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें एवं घर पर भी पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता में और सुधार हो सके। बैठक में सरपंच नन्दकुमारी ठाकुर, उप-सरपंच पुन्नी कमलेश साहू, एस.एम.सी. अध्यक्ष नारायण साहू, उपाध्यक्ष पुनाराम साहू सहित खेमलाल पाल, दीपक, चोवाराम, संतू यादव, डाकवर यादव, ललित ठाकुर, गणेश, मनटोरा यादव, देवकुंवर साहू, इन्द्रौतीन एवं बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे।

### न्योता भोज का आयोजन

**जेवरतला रोड।** पूर्व माध्यमिक शाला बोईरडीह में मातृ नवमी के उपलक्ष्य में शाला अध्यक्ष डिगामदास साहू ने सभी बच्चों एवं शाला विकास समिति के सदस्यों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। कार्यक्रम में बच्चे के साथ सरपंच अंकालूराम सहारे, पंच दिलीप कुमार साहू, तुलसा लोनहारे आदि शामिल हुए।

---

**आयोजन : जिपं अध्यक्ष ने किया एक पेड़ मां के नाम अभियान एवं स्वच्छता का आयोजन**

# पीएम के जन्म दिन पर शहर में रोपे गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस सेवा पखवाड़ा के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी के नेतृत्व में जिले के विभिन्न ग्रामों में एक पेड़ मां के नाम अभियान एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान ग्राम कोहड़िया में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से 100 पौधे, ग्राम बोहारडीह की शाला प्रांगण में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ मिलकर 150 पौधे और ग्राम खंगारपाठ में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की मदद से 90 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, छात्र-छात्राएं और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। पौधारोपण के साथ-साथ गांवों में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जिसमें सड़कों, गलियों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिवस हम सभी के लिए सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान मातृ-भक्ति और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम है। आज लगाए गए हर पौधे से आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण मिलेगा। स्वच्छता अभियान से हम सब मिलकर एक सुंदर और स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की देखभाल कर इन्हें वृक्ष का रूप देंगे। कार्यक्रम में खंगारपाठ, बोहारडीह सरपंच कमल बघेल, ग्राम पंचायत कोहड़िया सरपंच रोहित शिवार, गजेंद्र वर्मा (सचिव), विजय वर्मा, नरेंद्र वर्मा, भागवत वर्मा, शेखर साहू, तुलसी वर्मा, अर्जुन साहू, राजेश वर्मा, राजेंद्र साहू, भोलेश्वर वर्मा, चंद्रकला वर्मा, कमलेश, सीमा वर्मा, नारद वर्मा, चंदेश्वरी मानिकपुरी, श्यामलाल बंजारे, काजल, देखमुख, दिनेश लहरी शामिल थे।




### स्कूल में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ

**बेमेतरा।** विकासखंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिंघौरी में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तहत स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रार्थनासभा पर बच्चों को स्वक्षता शपथ दिलायी गई। तत्पश्चात शिक्षक सहित स्कूली बच्चों ने शाला परिसर के साथ साथ आस पास की साफ सफाई की। शिक्षकों द्वारा बच्चों को जीवन में साफ सफाई क्यों जरूरी है, स्वच्छता पखवाड़ा क्यों मनाया जा रहा है। इस पर विस्तार से चर्चा कर बताया गया। संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा द्वारा बताया गया कि स्वच्छता ही सेवा के भाव से काम करना है। हमारे प्रधानमंत्री ने देश में स्वच्छता की जो मशाल जलाई है, उसे निरंतर आगे बढ़ाने के लिए सभी गांव, सभी शहरों तक स्वच्छता की अलख जगानी होगी। हमें स्वच्छता को रोज की दिनचर्या में शामिल करना है। जिससे स्वच्छ और स्वस्थ भारत का निर्माण हो। इससे पूर्व हिंदी दिवस के पर्व पर भी बच्चों द्वारा सुंदर सुंदर चित्रकला, रंगोली एंव गीत कविता ड्राइंग चार्ट पर लिख कर प्रदर्शित किए गए। श्राद्ध पक्ष की मातृ नवमी के दिन शाला परिसर में मां को समर्पित एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधा रोपण भी किया गया। इस दौरान स्कूल में सरस्वती साहू, देवेंद्र साहू, नुतेश्वर चंद्राकर एवं प्रशांत बघेल भी उपस्थित रहे।

### विधि-विधान के साथ की विश्वकर्मा पूजा



**बेमेतरा।** नगर पालिका परिषद बेमेतरा में बुधवार को विश्वकर्मा पूजा हर्षोल्लास और विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर नगर के सभी वर्गों और विधाओं के शिल्पकारों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की। आचार्य निवारस द्विवेदी ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा देवताओं के महलों और दिव्य अस्त्रों के निर्माता माने जाते हैं, इसलिए उन्हें विश्व का पहला वास्तुकार और इंजीनियर माना जाता है। पूजा में भगवान विश्वकर्मा और भगवान विष्णु की प्रतिमाओं की स्थापना कर पुष्प, फल, अक्षत, मिठाई, सुपारी, धूप, रक्षासूत्र आदि अर्पित किए गए। इस अवसर पर मशीनों और औजारों की भी पूजा की गई। पूजा संपन्न होने के बाद सभी में प्रसाद वितरित किया गया। पूजा में पंडित निवारस द्विवेदी मुख्य जजमान रहे। प्रेम साहू, देवेंद्र बनाफर, सनत वर्मा, लाल दास, पीला दास, बालक दास, नीलू, जीवन दास सहित नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। विश्वकर्मा पूजन का महत्व बताते हुए आचार्य ने कहा कि जो कोई सच्चे मन से भगवान विश्वकर्मा की पूजा करता है, उसके जीवन में सफलता और समृद्धि आती है।

### विश्वकर्मा पूजा कर क्षेत्र के खुशहाली की कामना



**नवागढ़।** जनपद पंचायत नवागढ़ प्रांगण में विश्वकर्मा जयंती पर विधिविधान से पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वकर्मा से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। पूजा कार्यक्रम में नगर के मिस्त्री संघ के भाई एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर शेखर यादव, बंटी यादव, सुनील यादव, सतीश सोनी, मिंटू बिसेन, दादू यादव, राजु पांडे महाराज, सागर सोनी, गंगा निर्मलकर, गणेश पाल सहित आसपास के ग्रामों के लोग मौजूद रहे।

## नवागढ़ में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत



**बेमेतरा/नवागढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर देशभर में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ एवं जिले के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में चलाया जाएगा। अभियान के तहत ब्लड डोनेशन कैंप, मेगा हेल्थ कैंप, महिलाओं एवं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, बीपी, शुगर, स्तन कैंसर, सिकलिन, टीबी जैसी गंभीर बीमारियों की जांच और उपचार के साथ-साथ पोषण एवं आहार संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का आयोजन बीएमओ नवागढ़ के देख-रेख में किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में आयोजित सम्मेलन के मुख्य अतिथि अंजू बघेल, सभापति जिला पंचायत बेमेतरा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने मिठाई और फल वितरण कर कार्यक्रम की शुरुआत की और एक पेड़ 'मां के नाम' लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का उद्बोधन वेबकास्ट के माध्यम से सुना गया। मितानिन, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को जागरूकता प्रशिक्षण दिया गया और मरीजों के उपचार संबंधी मार्गदर्शन डॉ. रजा द्वारा प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था में यू.आर. धुर्वे प्रभारी बीटीईओ, सुनील नवरंगी स्टोर इंचार्ज, अशेन्द्र पांडे फार्मासिस्ट, तरुण सोनी लैब टेक्नीशियन, सुपरवाइजर पासवान, शिमला ठाकुर, भानु बंजारे, रामगोपाल वर्मा बीसी, सपना यादव, अंबालिका राजपूत, सोमा रानी साहू, छविकांत, मोहन साहू सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

### स्वच्छता रैली में हजारों लोगों ने लिया हिस्सा




**बेमेतरा।** जिले में बुधवार को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत शहर की सड़कों पर स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। हाथों में बैनर, पोस्टर और स्वच्छता संदेश लिए हज़ारों लोग इस रैली में शामिल हुए। बच्चों, महिलाओं, युवाओं और बुज़ुर्गों ने कदम से कदम मिलाकर रैली में भाग लिया। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वच्छ भारत अभियान केवल सफाई का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आदतों और सोच को बदलने का आंदोलन है। उन्होंने रैली में उपस्थित लोगों से स्वच्छता की शपथ दिलाई और कहा कि स्वच्छता से स्वास्थ्य, पर्यटन और विकास की गति बढ़ती है। यह केवल सरकारी प्रयास नहीं, हर नागरिक की जिम्मेदारी है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि स्वच्छता समाज की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि पखवाड़े में जागरूकता रैली, साफ-सफाई अभियान, शपथ ग्रहण, निबंध व चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। एसएसपी रामकृष्ण साहू ने कहा कि समाज की सुरक्षा की तरह स्वच्छता भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता बीमारियों से बचाव और स्वस्थ जीवन का सबसे बड़ा हथियार है। रैली में बच्चों ने स्वच्छ भारत – स्वस्थ भारत के नारे लगाकर वातावरण को जीवंत किया। स्वच्छता दीदी, महिलाएं और युवाओं की भागीदारी ने कार्यक्रम को और विशेष बनाया। दौड़ के अंत में सामूहिक शपथ ग्रहण हुआ, जिसमें सभी ने संकल्प लिया कि वे स्वयं स्वच्छ रहेंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अजय साहू, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमलता मंडावी, जनपद पंचायत अध्यक्ष हेमा दिवाकर, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, स्वच्छता दीदी और बड़ी संख्या में बच्चे व नागरिक उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर युवाओं ने किया रक्तदान




**बेमेतरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय बेमेतरा में युवा मोर्चा के नेतृत्व में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि थे। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता। यह वह पुण्य कार्य है जो सीधे किसी की जिंदगी बचाने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा सेवा को सर्वोपरि मानकर देश को नई दिशा दी है। ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देते हैं। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, युवाओं और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रक्तदान कर समाजहित में योगदान दिया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, महामंत्री नरेंद्र वर्मा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा, शहर मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन, पार्षद नीतू कोठारी, पार्षद निखिल साहू, निशा चौबे सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी, युवा मोर्चा कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

# सेवा पखवाड़ा एवं विकसित भारत पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आज टाउन हॉल बेमेतरा में आदि सेवा पर्व, सेवा पखवाड़ा एवं विकसित भारत की संकल्पना पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ साजा विधायक ईश्वर साहू ने किया। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ स्टॉलों का अवलोकन किया और प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री मोदी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व की झलक की सराहना की। जिला जनसंपर्क कार्यालय बेमेतरा द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री मोदी के जीवन की प्रेरणादायक यात्रा, उनके संघर्ष, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बनने तक के सफर, जनकल्याणकारी कार्य और विकसित भारत के संकल्प को सजीव छायाचित्रों के माध्यम से दर्शाया गया। प्रदर्शनी में डिजिटल इंडिया, डिजिटल भुगतान, छत्तीसगढ़ को मिली सौगातें, शिक्षा के नए अध्याय, 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान, जलशक्ति अभियान, आतंकवाद पर कड़ा प्रहार, अंतरिक्ष शक्ति, ऊर्जा क्षेत्र में प्रगति और हर गरीब को आवास जैसी ऐतिहासिक उपलब्धियों को आकर्षक चित्रों द्वारा प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग की पत्रिका जनमन का निःशुल्क वितरण भी किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन करने बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सम्मानित नागरिक, विद्यार्थी, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छात्राओं को साइकिल का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला



विकासखण्ड बेरला के अंतर्गत आने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अछोली में सरस्वती साईकिल योजनांतर्गत विद्यालय में छात्राओं को साईकिल वितरण किया गया। समिति अध्यक्ष साहू ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए शाला में हो रहे विकास उपलब्धि की जानकारी दिए।

साथ ही मंडल अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सबसे पहले भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं प्रेषित कर सभी बच्चों को सम्बोधित किया गया। लोमेश कुमार ने बच्चों को भगवान देवशिल्पी श्री विश्वकर्मा जयंती और नव भारत निर्माण की ओर अग्रसर करने वाले यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्मदिन पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय की विकास और स्वच्छता ही हम सब की अहम जिम्मेदारी है। विद्यालय की विकास उपलब्धि पर हम मिलके कार्य करेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के समिति अध्यक्ष उदयराम साहू, भाजपा सरदा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, स्थानीय सरपंच तीरथ बाई, प्रचार-प्रसार भाजयुमो बेमेतरा एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि सेवा सहकारी समिति अछोली लोमेश कुमार सेन, अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति सुरहोली पप्पु वर्मा, युवा मोर्चा मंडल मंत्री रामायण साहू, भाजपा कार्यकर्ता सनत चौधरी, लक्की देवांगन, वीरेंद्र निषाद, श्रवण गेंढरे सहित विद्यालय प्राचार्य सुखदेव साव और सभी शिक्षकगण सहित पालकगण श्रवण राय, रोहित यादव, धर्मदास सहित लाभान्वित छात्राओं के पालक उपस्थित हुए।

## प्राथमिक शाला बुन्देली में शिक्षकों को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकासखण्ड साजा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बुन्देली में सहायक शिक्षक गुरुचरण पटेल और टेकेन्द्र सिंह राजपूत के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। दोनों शिक्षकों ने 2008 से लगभग 17 वर्षों तक इस विद्यालय में सेवा दी और युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत जून 2025 में अन्य विद्यालय में स्थानांतरित हुए। विद्यालय की प्रधानपाठक मनीषा राजपूत, शिक्षिका सविता पाटिल, सरपंच पंचराम जांगड़े, अध्यक्ष केदार निषाद और स्कूल के पुराने विद्यार्थियों ने शिक्षकों को शाल, श्रीफल, गुलदस्ता और प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इसके अलावा संकुल समन्वयक मन्नू लाल साहू ने भी उन्हें सम्मानित किया।

इस अवसर पर अन्य विद्यालयों से आए शिक्षकगण दुष्यन्त मेरिया, रोशन भंडारी, गणेश्वर दीवान, प्रतिभा तिर्की, पिंकी देवांगन, संगीता शुक्ला, हेमराज श्याम और केवल सिंह ठाकुर का भी ग्रामवासियों और विद्यालय परिवार ने श्रीफल, हार और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया। विदाई समारोह में बच्चों ने नृत्य, संगीत और भाषण के माध्यम से शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। समारोह के दौरान दोनों शिक्षकों ने अपने कार्यकाल की यादें साझा करते हुए भावुक क्षण भी बटोरे, जिससे उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गईं।

विद्यालय के बच्चों के लिए दोनों शिक्षकों ने टाई, बेल्ट, बैच और आईडी कार्ड बनवाने हेतु 5,100 रुपये सहयोग राशि भी दी। विदाई कार्यक्रम में ग्राम सचिव पंकज सिंह, कीर्ति निषाद, बद्री सिंह, चमरु मंडावी, राहुल पटेल, ईश्वरी निषाद, संगीत पाटिल, सोनिया राजपूत, यशोदा पटेल, दुखिया यादव, जेठिया यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।




